WHO ने मंकीपॉक्स को PHEIC घोषित किया

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

विश्व **स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO)** ने विशेष रूप से **कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)** और पड़ोसी अफ्रीकी देशों में मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण **एमपॉक्स (मंकीपॉक्स)** को **अंतर्राष्ट्रीय चिंता से जुड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (Public Health Emergency of International Concern-PHEIC)** घोषित किया है।

- इस वर्ष 10 अफ्रीकी देशों में इस बीमारी की उपस्थिति दर्ज की है, जिनमें से 96% से अधिक मामले कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में पाए गए हैं। **क्लेड 1बी (clade 1b) नामक** एक नए वायरस स्ट्रेन की उत्पत्ति विशेष रूप से चिंता का विषय है जो**मुख्य रूप से यौन संपर्क के माध्यम से संचरित होता है।**
    - एक अन्य वायरस स्ट्रेन **क्लेड (Ia),** जो विभिन्न संचरण माध्यमों से **अधिकांशतः बच्चों में प्रसारित हो रहा है,** का मूल्यांकन भी उच्च जोखिम वाले वायरस के रूप में किया गया।
- PHEIC पदनाम **अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (IHR, 2005) के अंतर्गत चेतावनी का उच्चतम स्तर है, जो** रोग के **अफ्रीका से बाहर फैलने की संभावना को दर्शाता है।**
    - **दो वर्षों में** यह दूसरी बार है जब एमपॉक्स को वैश्विक आपातकाल घोषित किया गया है।
- एमपॉक्स एक वायरल (विषाणु जनित) बीमारी है जो मंकीपॉक्स नामक वायरस के कारण होती है, यह**ऑर्थोपॉक्सवायरस (Orthopoxvirus) वर्ग से संबंधित है।** इसके **दो अलग-अलग क्लेड** मौजूद हैं: **क्लेड I और क्लेड II**
- **लक्षण:** इसके लक्षणों में त्वचा पर लाल चकत्ते या श्लैष्मिक घाव (Mucosal Lesions) शामिल हैं, जो 2-4 सप्ताह तक रह सकते हैं साथ ही बुखार, सिरदर्द, माँसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, और लसिका ग्रंथियों में सूजन भी हो सकती है।
- **संचरण:** यह **किसी संक्रामक व्यक्ति के साथ शारीरिक संपर्क, दूषित पदार्थों या संक्रमित पशुओं के साथ संपर्क में आने से** मनुष्यों में संचरित हो सकता है।
- **रोकथाम:** एमपॉक्स से पीड़ित व्यक्ति के साथ शारीरिक संपर्क में आने से बचाव कर एमपॉक्स को रोका जा सकता है। **टीकाकरण** जिसमें **JYNNEOS® वैक्सीन भी शामिल हो,** जोखिमग्रस्त लोगों को बचाने में मदद कर सकता है।
- **उपचार:** एमपॉक्स से पीड़ित व्यक्तियों को अलग रखा जाना चाहिये। एमपॉक्स के उपचार के लिये**टेकोविरिमैट (Tecovirimat) जैसे विभिन्न एंटीवायरल का** उपयोग किया गया है और इस संदर्भ में अध्ययन जारी है।

और पढ़ें: एमपॉक्स वायरस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/who-declares-mpox-a-pheic